**Title:Need to take urgent action towards severe drought and drinking water shortage in Rajasthan.**

**MR. DEPUTY-SPEAKER: I will call you one by one. If all of you speak at the same time, then how can I allow you? Dr. Jaswant Singh Yadav.**

**... (Interruptions)**

**MR. DEPUTY-SPEAKER: I will give you a chance. Please resume your seat.**

**... (Interruptions)**

**MR. DEPUTY-SPEAKER: I will give you a chance. Please resume your seat. Let me conduct the House. I will give you a chance. Please do not behave in this way. Please resume your seat.**

**... (Interruptions)**

**MR. DEPUTY-SPEAKER: Let me conduct the House. All of you will get a chance. Dr. Jaswant Singh Yadav.**

... (व्यवधान)

डॉ. जसवंतसिंह यादव (अलवर) : माननीय उपाध्यक्ष महोदय, राजस्थान में भयंकर अकाल की स्थिति है। वहां यहां तक हालात हो रहे हैं कि या तो राजस्थान के किसान राजस्थान छोड़ कर जाएं या आत्महत्या करें। उनकी इतनी दुर्दशा हो रही है और राजस्थान सरकार हाथ पर हाथ रख कर बैठी हुई है। वहां की सरकार किसानों के लिए तथा वहां की जनता के लिए कोई कार्य नहीं कर पा रही है। ऐसे-ऐसे हादसे देखने को मिल रहे हैं कि राजस्थान के गांव के लोग अपने पशुओं को तिलक लगा-लगा कर बलिदान के लिए छोड़ रहे हैं, क्योंकि उनके पास खिलाने के लिए चारा नहीं है। राजस्थान सरकार की तरफ से अभी तक किसी भी तरह का पशुधन बचाने के लिए अकाल राहत में कोई चारा डिपो नहीं खोला गया। गांव में सभी हैंडपम्प सूख गए हैं। लोगों को पीने का पानी नहीं मिल रहा है। किसानों को बिजली नहीं मिल रही है और फसलें चौपट होती जा रही हैं। आज गांवों की यह हालत हो गई है कि राजस्थान सरकार के पास जो ३०० करोड़ रुपए अकाल राहत के पड़े हुए हैं, उनमें से वह एक पैसा भी खर्च करना नहीं चाह रही है और न खर्च कर रही है। केवल नेशनल केलेमिटी के आधार पर,

... (व्यवधान)

**MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record. I am conducting the House. Everybody will get a chance. If you shout like this, you will not get the chance.**

**(Interruptions)***

**MR. DEPUTY-SPEAKER: You will get a chance. I am calling the names, according to the list.**

**... (Interruptions)**

**MR. DEPUTY-SPEAKER: Dr. Jaswant Singh is standing, and I have given the floor to him. If all of you talk at the same time, then the `Zero Hour" will be dispensed with, and we will go to the next item on the agenda.**

... (व्यवधान)

डॉ. जसवंतसिंह यादव : महोदय, ये राजस्थान की जनता के हत्यारे हैं। ... (व्यवधान) राजस्थान की निकम्मी सरकार, कांग्रेस की निकम्मी सरकार लोगों को मार रही है।

... (व्यवधान)
ये उनके हिमायती हैं।

... (व्यवधान)
ये चाहते हैं कि राजस्थान खाली हो जाए।

... (व्यवधान)

**MR. DEPUTY-SPEAKER: Nothing will go on record.**

**(Interruptions)***

**... (Interruptions)**

**MR.DEPUTY-SPEAKER: Please go back to your seats.**

**... (Interruptions)**

**MR. DEPUTY-SPEAKER: Shri Ram Prasad, would you please resume your seat? Please go back to your seat.**

श्री नागमणि (चतरा) : यह गरीबों के नेता, माननीय लालू प्रसाद जी को बदनाम करने की साजिश है।

... (व्यवधान)
उपाध्यक्ष जी, यह अखबार देखो।

... (व्यवधान)

श्री मोहन रावले (मुम्बई दक्षिण-मध्य) : उपाध्यक्ष जी, महाराष्ट्र के किसानों को उनकी उपज का ठीक दाम नहीं मिल रहा है। वहां एक किसान की मृत्यु भी हो गयी है। आज वहां के किसान प्रदर्शन करने जा रहे हैं।

उपाध्यक्ष महोदय : आप बैठ जाइये।

... (व्यवधान)

---

*Not Recorded.

श्री मोहन रावले : वहां पर कांग्रेस की सरकार है, जो किसान विरोधी है। वहां के किसानों की जान पर बनी हुई है।

... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : आप अपनी सीट पर जाइये।

If this is the behaviour of the Members, then I may have to dispense with the `Zero Hour" and then nobody would be required to speak. Everyone will get their chance, and still why are you not going back to your seat? How do I conduct the `Zero Hour" like this?

डॉ. रघुवंश प्रसाद सिंह (वैशाली) : उपाध्यक्ष जी, गरीबों के नेता लालू जी को बदनाम करने की साजिश हो रही है।

MR.DEPUTY-SPEAKER: Hon. Members, would you please hear me? All those who have given notice, would get chance to express their views on matters of urgent public importance.

श्री नागमणि : पूरे बिहार में इस पर हंगामा हो रहा है

... (व्यवधान)

उपाध्यक्ष महोदय : यहां भी आप हंगामा कर रहे हैं। आप जाकर अपनी सीट पर बैठिये। हर चीज का आपको जवाब चाहिए, आप अपनी सीट पर जाकर बैठ जाइये। आपका नाम भी बुलाएंगे। ऐसा नहीं होना चाहिए।

... (Interruptions)

MR. DEPUTY-SPEAKER: I have allowed Shri Jaswant Singh Yadav.

... (Interruptions)

डॉ. जसवंतसिंह यादव : उपाध्यक्ष महोदय, मैं राजस्थान की बात करना चाहता हूं। इसलिए पहले इन्हें बैठने के लिए कहा जाए।

... (व्यवधान)

MR. DEPUTY-SPEAKER: The Prime Minister wants to say something in this regard. Please listen to him.

... (Interruptions)

">प्रधान मंत्री (श्री अटल बिहारी वाजपेयी) : उपाध्यक्ष महोदय, देश के कई भागों में जैसे राजस्थान, गुजरात, आन्ध्रप्रदेश

... (व्यवधान)
वहां सूखे के कारण गम्भीर परिस्थिति पैदा हो गई है। फसल का क्या होगा, यह भविष्य बताएगा। वर्षा आने की कोई सम्भावना दिखाई नहीं देती। पेय जल की कमी, एक बड़ा संकट बन कर हमारे सामने आया है। इस सम्बन्ध में प्रदेश सरकारें कदम उठा रही हैं। सरकार चाहती है कि सदन इस पर चर्चा करे। अगर कहीं कमियां हैं तो हम आपस में चर्चा करके तय करें। यह प्रदेश का मामला नहीं है। यह राजनीति का सवाल नहीं है। हमें इस राष्ट्रीय संकट का सामना करना पड़ेगा। इसलिए उपाध्यक्ष महोदय, आप सब नेताओं से विचार-विमर्श करके कोई तिथि निश्चित कर दें। इस पर एक पृथक चर्चा होनी चाहिए। सरकार भी तैयार होकर आएगी, सारे तथ्य सामने रखेगी और आपके सुझावों का स्वागत करेगी।

... (व्यवधान)
">

">श्री मोहन रावले : उपाध्यक्ष महोदय, महाराष्ट्र में कांग्रेस पार्टी का राज है। वहां किसान की मृत्यु हो गई है। नागपुर में सारे किसान प्रदर्शन करने के लिए जा रहे हैं।

... (व्यवधान)
">

">श्री शंकर सिंह वाघेला (कपड़वंज) : उपाध्यक्ष महोदय, किसानों का ११ दिन से आन्दोलन चल रहा है।

... (व्यवधान)
">